दिन– बुधवार | दिनांक– 26 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. विधानसभा में आज वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्षी दलों ने किया जमकर हंगामा। प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

02. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– सहकारिता विधेयक देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा।

03. विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में शुरू। घटक दलों के बीच समन्वय के मुद्दे पर मंथन जारी।

04. और, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चो ने ईद से पहले जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों के लिए सौगात–ए–मोदी अभियान की शुरूआत की।

---

विधानसभा में आज वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल और माले के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही बाधित हुई। आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही माले के महबूब आलम और सत्यदेव राम ने इस मामले को उठाया। कार्य स्थगित कर वक्फ विधेयक पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचो–बीच आ गए। इस दौरान कुछ विधायकों ने कुर्सी उठा ली और टेबल पलटने की कोशिश करने लगें। इसे देखते हुए विधानसभा अध्ययक्ष ने दोपहर दो बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्ष ने आज इसी मुद्दे को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर भी विरोध प्रदर्शन किया। इधर, विधान परिषद में भी विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की।

---

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में प्रदेश के कई मुस्लिम संगठनों ने आज वक्फ संशोधन बिल–दो हजार चौबीस के खिलाफ पटना के गर्दनीबाग में धरना प्रदर्शन किया। मुस्लिम संगठनों ने समान विचारधारा वाले दलों से भी इस मामले में समर्थन देने की अपील की है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के

प्रवक्ता, डॉ. एसक्यूआर इलियास ने कहा कि यह बिल धर्मनिरपेक्षता पर हमला है और यह सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए लाया गया है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशाोर और लोक सभा सदस्य तथा आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद समेत विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर मुस्लिम संगठनों के साथ खड़ी है।

———बाइट———

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि वक्फ संशोधन बिल को लेकर पार्टी ने अपनी राय जेपीसी के सामने रख दी है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ बिल को लेकर राज्य के अल्पसंख्यकों की राय केंद्र सरकार को परिचित करा दिया गया है।

———बाइट———

———————————————————————————

विधान मंडल का बजट सत्र तय समय से एक दिन पहले ही संपन्न हो जाएगा। दोनों सदनों की बैठक अब कल तक ही होगी। पहले सत्र का संचालन अट्ठाईस मार्च तक होना था। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने दोनों सदनों में इस निर्णय की सदस्यों को जानकारी दी। श्री चौधरी ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सभी दलों के बीच इसे लेकर सहमति बनी है।

———————————————————————————

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सहकारिता विधेयक प्रस्तुत किया गया है। श्री शाह ने लोकसभा में आज सहकारिता विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि यह विधेयक स्वरोजगार सृजन और उद्यमिता के विकास में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में नवाचार तथा अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

———बाइट———

———————————————————————————

बिहार एनडीए में शामिल दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक इस समय नई दिल्ली में भाजपा सांसद संजय जायसवाल के आवास पर हो रही है। जानकारी के अनुसार बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय के मुद्दे पर विचार विमर्श किया जा रहा है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेता के साथ–साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा– सेक्युलर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता तथा बिहार से एनडीए के सांसद के शामिल हो रहे हैं।

———————————————————

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहतकर ने कहा है कि परिवारों को टूटने से बचाने के लिए दंपतियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है। राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंची श्रीमती रहतकर ने कहा कि इसके लिए बिहार समेत देश के प्रत्येक जिले में प्री मैराइटल कम्युनिकेशन सेंटर खोला जायेगा।

———बाइट———

सिवान जिले के जीरादेई सिथत बालिका आश्रय गृह से तेरह बच्चियों के भागने की घटना की चर्चा करते हुए श्रीमती रहतकर ने बताया कि इस मामले में राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब की गयी है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और समाज कल्याण विभाग की अपर सचिव हरजोत कौर के साथ महिलाओं के खिलाफ अपराध पर रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक की। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष कल वैशाली और परसों छपरा जायेंगी।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में पहली बार एक लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों–बी.एल.ओ. के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के बीएलओ, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि क्षमता निर्माण का यह अनूठा कार्यक्रम विभिन्न चरणों में जारी रहेगा।

———बाइट———

हर पोलिंग बूथ पर एक बूथ लेवल ऑफिसर होता है, जोकि इलेक्टोरल रोल को बनाने में मदद करता है और घर–घर जाकर सत्यापन करता है कि जो इलेक्टोरल रोल में नाम है, वो सही होने चाहिए। यहीं नहीं बूथ लेवल ऑफिसर की रिकमनडेशन के बाद उस असेम्बली कन्सीट्वेंसी के इलेक्टोरल रोल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर एक निर्णय लेते हैं और निर्णय के बाद एक फाइनल इलेक्टोरल रोल पब्लिश होता है। देश की यह पहली ट्रेनिंग आयोजित की गई है। ट्रिपल आईडीएम में चुनाव आयोग द्वारा इस ट्रेनिंग में हम लोग साढ़े दस लाख बूथ लेवल ऑफिसर में से एक लाख बूथ लेवल ऑफिसर को ट्रेन करेंगे।

———————————————————

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की रिपोर्ट के बाद एक हजार चार सौ दस गेमिंग साइटों को ब्लॉक कर दिया गया है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में कई कदम उठाए हैं।

———बाइट———

जो हमारी स्टेट लिस्ट है, लिस्ट टू, उसमें एंट्री 34 में बेटिंग एंड गेमलिंग आता है, तो राज्य सरकारों को इसका लेजिस्लेटिव फ्रेम वर्क बनाने का पावर है। कुछ राज्यों ने इसमें पहल भी की है और इसके अलावा भारत की जो नई न्याय संहिता है, भारतीय न्याय संहिता, उसमें सेक्शन एक सौ 12 में भी इसमें एक्शन लिया जा सकता है। इसके साथ ही साथ कई ऐसे स्टेप्स लिए गए जो आई फोर सी उसके माध्यम से जहां से भी कम्प्लेंट आती है, उस कम्प्लेंट के बेसिस पे जो आई टी इंट्रीमिडिएरी रूल है, उसके हिसाब से एक हजार चार सौ दस गेमिंग साइट्स को ऑलरेडी ब्लॉक किया जा चुका है।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने सौगात–ए–मोदी अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य देशभर में बत्तीस लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को ईद के अवसर पर विशेष किट वितरित करना है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने और आगामी अवसरों जैसे नवरेज़ और भारतीय नववर्ष के दौरान, अल्पसंख्यक मोर्चा सौगात–ए–मोदी अभियान के अंतर्गत जरूरतमंदों तक पहुंचने का प्रयास करेगा।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि हम एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के पालक हैं और उसको मानते भी हैं। तो हम जब उनकी तरफ से जा रहे हैं, तो हम खाली हाथ नहीं जाएंगे, इसलिए हमने सौगातें मोदी एक किट बनाया है। इसमें त्योहारों में खाने–पीने की जो सामान लगते हैं, उसको रखा हुआ है और उसको किट को लेकर हम जाएंगे और उनको जो है ईद की मुबारक बाद देंगे। हम उनको बैसाखी की मुबारक बाद देंगे। हम उनके ईस्टर में शामिल होंगे और त्योहारों में रंग भरने की कोशिश करेंगे।

श्री सिद्दीकी ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत बत्तीस हजार अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता देशभर के बत्तीस हजार मस्जिदों के साथ मिलकर जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाएंगे।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान में वृद्धि से गर्मी का एहसास बढ़ा है। दिनभर तेज धूप के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस से सैंतीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेपक टाकरा विश्व कप की विजेता भारतीय टीम को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा है कि सेपक टाकरा विश्व कप में शानदार खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई। भारतीय पुरूष रेगुलर टीम ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है।

---

बिहार की बेटी और नामचीन टेबल टेनिस खिलाड़ी विद्या कुमारी ने यूटीटी द्वितीय टेबल टेनिस राष्ट्रीय रैंकिंग चैंपियनशिप के एकल वर्ग में रजत पदक जीता है।

---

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल के तेघड़ा गांव में कौओ में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुयी है। पिछले दिनों यहां मृत पाये गए कौओ की भोपाल प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट पॉजिटीव आई है। इसके बाद प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में दवा के छिड़काव का कार्य शुरू कर दिया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर कमलदेव ने बताया कि आज केंद्रीय टीम तेघड़ा गांव पहुंच रही है। टीम मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करेगी।

---

शेखपुरा में संध्याकालीन कोर्ट का संचालन किया जाएगा। पटना उच्च न्यायालय ने इस संबंध में प्रधान जिला जज और विधिक संघ से न्यायालय के गठन को लेकर विचार मांगा है।

---

शिवहर के जिलाधिकरी विवेक रंजन मैत्रेय ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल रथ को रवाना किया। ये युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करेगा।

---

बक्सर के महिला मंडल कारा में बंदियों के शिकायत निवारण के लिए बंदी दरबार का आयोजन किया गया।

---

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अंतर्गत कमरूद्दीनपुर गांव में शराब बचने से मना करने पर अपराधियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा में आज वक्फ संशोधन बिल को लेकर विपक्षी दलों ने किया जमकर हंगामा। प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

02. केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– सहकारिता विधेयक देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा।

03. विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में शुरू। घटक दलों के बीच समन्वय के मुद्दे पर मंथन जारी।

04. और, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा ने ईद से पहले जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों के लिए सौगात–ए–मोदी अभियान की शुरूआत की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।